मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 2

# MHN–006

## एम. ए. (हिन्दी अध्ययन)

## (एम.ए.एच.एन.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## एम.एच.एन.-006 : संस्कृत भाषा एवं साहित्य का परिचय

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

---

***नोट :*** *इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्ड अनिवार्य हैं। खण्डों में दिए गये निर्देशानुसार ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### खण्ड—क

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

$4 \times 15 = 60$

1. संस्कृत वर्णमाला का परिचय देते हुए स्वर, व्यंजन, संयुक्त और अनुनासिक वर्णों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।
2. 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द के सभी विभक्तियों में रूप लिखिए।
3. 'गम्' धातु के वर्तमान काल और भूतकाल में रूप लिखिए।



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

4. 'पिब्' और 'नी' धातुओं के वर्तमान काल के रूप लिखिए।
5. वैदिक संस्कृत की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
6. भाषा विज्ञान के मौलिक स्वरूप का वर्णन कीजिए।
7. चम्पू साहित्य से आप क्या समझते हैं ? पठित अंश के आधार पर वर्णन कीजिए।
8. कारक की परिभाषा बताते हुए कर्म-कारक का वर्णन कीजिए।

## खण्ड—ख

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

$4 \times 10 = 40$

1. 'युष्मद्' शब्द के प्रथमा, तृतीया, पञ्चमी एवं षष्ठी विभक्ति में रूप लिखिए।
2. 'पठ्' धातु के लट् लकार (वर्तमान काल) के रूप लिखिए।
3. 'लिख्' धातु के लट् लकार (वर्तमान काल) के रूप लिखिए।
4. 'हस्' धातु के लृट् लकार (भविष्यत् काल) के रूप लिखिए।
5. आत्मनेपद और परस्मैपद को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।
6. स्वर (अच्) सन्धि से आप क्या समझते हैं ? यण् सन्धि का सोदाहरण वर्णन कीजिए।
7. विभक्ति, वचन और पुरुष से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com